

लियोनार्ड केसलर

# मिस्टर पाइन का बैंगनी घर




paint
Paint

# मिस्टर पाइन का बैंगनी घर

लियोनार्ड केसलर






मिस्टर पाइन वाइन स्ट्रीट पर एक छोटे से सफ़ेद घर में रहते थे.

"एक सफ़ेद घर ठीक है,"
मिस्टर पाइन ने कहा,

"लेकिन वाइन स्ट्रीट पर एक
लाइन में पचास सफ़ेद घर हैं.

मैं कैसे बता सकता हूँ कि
उनमें से कौन सा मेरा है?"





उन्होंने सड़क पर ऊपर
से नीचे तक देखा.

"मुझे पता है," मिस्टर
पाइन ने कहा.

"मैं अपने घर के पास
एक पेड़ लगाऊँगा, एक
छोटा सा चीड़ का पेड़.



चीड़ का पेड़, मिस्टर पाइन के
घर के सामने होगा. देखो?

और मैं हूँ मिस्टर पाइन!"



"मैं यही करूँगा," उन्होंने कहा.

और फिर उन्होंने वही किया.



मिस्टर गोल्ड, मिस्टर पाइन के बगल में ही रहते थे.

"कितना बढ़िया छोटा पेड़ है!"

मिस्टर गोल्ड ने कहा.



मिसेज़ ग्रीन, मिस्टर गोल्ड के बगल में रहती थीं.

"कितना सुंदर पेड़ है!" मिसेज़ ग्रीन ने कहा.




मिसेज़ ब्राउन, मिसेज़ ग्रीन
के बगल में रहती थीं.
"कितना सुंदर पेड़ है!"
मिसेज़ ब्राउन ने कहा.

अगले दिन मिस्टर पाइन ने
अपनी खिड़की से बाहर देखा.

वो अपना छोटा सा चीड़ का
पेड़ देखना चाहते थे.

लेकिन उन्होंने क्या देखा?




उन्होंने पचास सफ़ेद घर देखे,
जो एक लाइन में थे.

और हर घर के पास उन्होंने एक
छोटा सा चीड़ का पेड़ देखा.

"अरे, नहीं!" मिस्टर पाइन ने कहा.





"अब, मैं कैसे बता सकता हूँ कि
उनमें से मेरा घर कौन सा है!"

उन्होंने फिर से सड़क
पर ऊपर-नीचे देखा.



"मुझे पता है," मिस्टर पाइन ने कहा. "मैं अपने छोटे चीड़ के पेड़ के बगल में एक बड़ी झाड़ी लगाऊँगा."



"हम्म्म्म्म.

बड़ी झाड़ी. चीड़ का पेड़.


मिस्टर पाइन का घर.

देखो?

और मैं हूँ मिस्टर पाइन!"

और फिर उन्होंने वही किया!

उन्होंने यह किया:



और यह:



"देखो"

मिस्टर पाइन ने कहा.


"वो बिलकुल ठीक लग रहा है."


"कितनी सुंदर झाड़ी है!"
मिस्टर गोल्ड ने कहा.

"अरे, वो कितनी अच्छी है!"
मिसेज़ ग्रीन ने कहा.

"बहुत, बहुत सुंदर!" मिसेज़
ब्राउन ने कहा.







अगली सुबह मिस्टर पाइन ने
अपनी खिड़की से बाहर देखा.

वह अपने छोटे से चीड़ के पेड़
के पास अपनी बड़ी झाड़ी को
देखना चाहते थे.

लेकिन उन्होंने क्या देखा?

एक लाइन में पचास
सफ़ेद घर थे.

उन पचास छोटे घरों
के पास हरे पेड़ थे,

सभी चीड़ के.

और हर पेड़ के बगल
में एक बड़ी झाड़ी थी.



"अरे, नहीं!" मिस्टर पाइन ने कहा.
"अरे, नहीं!"

सभी घर अब फिर से बिल्कुल
एक-जैसे दिख रहे थे.

मिस्टर पाइन ने सोचा और सोचा.

"मुझे पता है," मिस्टर पाइन ने कहा.

"मैं अपने घर को नया रंग दूँगा."



फिर उन्होंने सोचा और सोचा.

"मुझे देखने दो," उन्होंने कहा.
"लाल? पीला? नारंगी? नहीं.

नीला? हरा? गुलाबी? मुझे सोचने
दो. मुझे पता है.

मैं अपने घर को रंगूँगा...

बैंगनी रंग से!"






फिर वह पेंट
खरीदने गए.

"मैं कुछ पेंट खरीदना चाहता हूँ," मिस्टर पाइन ने मिस्टर डैश से कहा.

"मैं अपने घर को बैंगनी रंग से रंगना चाहता हूँ."






"बैंगनी?" मिस्टर डैश ने पूछा.

"हाँ, बैंगनी," मिस्टर पाइन ने कहा.

"वैसे हरा रंग बहुत अच्छा रहेगा," मिस्टर डैश ने कहा.

"नहीं," मिस्टर पाइन ने कहा.

"लाल रंग भी बहुत अच्छा रहेगा," मिस्टर डैश ने कहा.

"नहीं," मिस्टर पाइन ने कहा.

"सफेद रंग भी बहुत अच्छा रहेगा."

"नहीं, नहीं, नहीं!“ मिस्टर पाइन ने कहा.

"मुझे बैंगनी रंग ही चाहिए!"

"बैंगनी रंग!" मिस्टर डैश ने कहा.

"आप ज़रा उसके बारे में सोचें!


ठीक है, आपके घर को रंगने के लिए आपको बैंगनी रंग के नौ बड़े डिब्बे चाहिए होंगे."





“मुझे कुछ ब्रश भी चाहिए होंगे,” मिस्टर पाइन ने कहा.

"और यह भी:

पुट्टी




और यह भी:




रेगमाल

फिर मुझे पेंट को मिलाने और ब्रश को साफ करने के लिए भी कुछ चाहिए."

बाल्टी





मिक्सर


थिनर

मिस्टर पाइन ने सब कुछ अपने ट्रक में डाला.

फिर वो वापस वाइन स्ट्रीट गए.





उन्होंने अपनी ऊंची सीढ़ी यहाँ रखी.



उन्होंने अपनी छोटी सीढ़ी वहां रखी.

"पेंट करने से पहले मुझे कुछ और काम करने होंगे," मिस्टर पाइन ने कहा.


"मुझे कुछ मिलाना और ठीक करना होगा,



इसे भरना होगा,



और उसे साफ करना होगा."






"पेंट मिलाना. चलो, अब पेंट बिल्कुल सही है.

अब मैं पेंटिंग कर सकता हूँ!"

फिर मिस्टर पाइन सीढ़ी से घर के
सबसे ऊंची जगह पर चढ़ गए.


उन्होंने पेंटिंग करना शुरू किया.
ब्रश छपाक, छपाक चला गया.
छपाक, छपाक, छपाक.





कुछ लड़के सड़क पर गेंद
खेल रहे थे.

लेकिन मिस्टर पाइन ने
उन्हें नहीं देखा.



एक लड़के ने गेंद ज़ोर से
मारी. गेंद ऊपर गई.

ऊपर,

और ऊपर.


वह एक होम रन था.



"ज़रा देखें मिस्टर पाइन!
ज़रा देखें!" लड़के चिल्लाए.

लेकिन मिस्टर पाइन ने
उन्हें नहीं सुना.





धम्म!


मिस्टर पाइन की
टोपी पर गेंद
आकर टकराई!

धम्म!

उनके हाथ का ब्रश
गिर गया.

बैंगनी रंग की बाल्टी
गिर गई.

मिस्टर पाइन भी गिर
गए!




"अब मुझे और रंग लाना होगा,"
मिस्टर पाइन ने कहा.

वह फिर से सीढ़ी पर चढ़ गए.

छपाक, छपाक, उनका ब्रश चला.

छपाक, छपाक, छपाक.





फिर मिसेज गोल्ड की

बिल्ली सीढ़ी के नीचे भागी.

मिस्टर पाइन का कुत्ता

छोटी बिल्ली के पीछे भागा,

वे गोल-गोल

दौड़ते रहे.

घुर्र!

म्याऊ, म्याऊ!

घुर्र!

म्याऊ, म्याऊ!





छोटी बिल्ली

सीढ़ी पर चढ़ गई.

लेकिन मिस्टर पाइन ने उसे नहीं देखा.


मिस्टर पाइन सीढ़ी से नीचे उतरे

उनका पाँव छोटी बिल्ली के पंजे पर पड़ा.



म्याऊँ-म्याऊँ!





बिल्ली नीचे गिरी.

ब्रश भी नीचे गिरा.


सीढ़ी भी नीचे गिरी.

पेंट भी नीचे गिरा.

मिस्टर पाइन भी नीचे गिरे.



धम्म!




अब मिस्टर पाइन के पास

कुछ बैंगनी घास,

एक बैंगनी बिल्ली,

एक बैंगनी कुत्ता,

एक बैंगनी टोपी,




और एक बैंगनी नाक थी.






"अब मुझे और बैंगनी रंग लाना होगा," मिस्टर पाइन ने कहा.

वो फिर से सीढ़ी पर चढ़े.



छपाक, छपाक, मिस्टर पाइन ने तब तक पेंट किया जब तक कि घर पूरी तरह से बैंगनी नहीं हो गया.



वाइन स्ट्रीट पर हर कोई
मिस्टर पाइन के बैंगनी घर
को देखने और निहारने आया.

इससे पहले किसी ने भी बैंगनी
रंग का घर नहीं देखा था.

"कितना सुंदर बैंगनी घर है!"
मिसेज़ ग्रे ने कहा.

"मैं भी अपना घर रंगूँगी!"

"कितना सुंदर बैंगनी घर है!"
मिस्टर गोल्ड ने कहा.

"मैं भी अपना घर रंगूँगा!"

"कितना सुंदर बैंगनी घर है!"
मिसेज़ ग्रीन ने कहा.

"मैं अपना घर वैसे ही रंगूँगी!"





"लेकिन मैं अपना घर गुलाबी रंग से रंगूँगी," मिसेज़ ग्रे ने कहा.

"मैं पीला रंगूँगी," मिसेज़ ग्रीन ने कहा.

"मैं हरा," मिसेज़ ब्राउन ने कहा.

"मुझे लाल रंग पसंद है," मिसेज़ व्हाइट ने कहा.

"और मैं अपना घर पूरी तरह से सफेद रखूँगा," मिस्टर गोल्ड ने कहा.

"ओह, नहीं! नहीं! नहीं!" मिस्टर पाइन ने कहा.

"मुझे वाइन स्ट्रीट पर एक लाइन में पचास बैंगनी घर नहीं चाहिए!"



अब वाइन स्ट्रीट पर पचास घर हैं.

लाल घर हैं,

और हरे घर हैं,

और भूरे घर हैं,

पीले और गुलाबी घर हैं,

और कुछ सफेद घर भी हैं.

लेकिन वाइन स्ट्रीट पर सिर्फ़ एक ही बैंगनी घर है....





और वह मिस्टर पाइन का बैंगनी घर है!


paint
Paint